# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 20.06.2025**

**❖अपराध नियंत्रण की दिशा में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कडी कार्यवाही के क्रम में कानपुर देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**

**❖थाना भोगनीपुर पुलिस व सर्विलांस/स्पेशल टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 03 नफर अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को किया गया गिरफ्तार।**

**❖अभियुक्तों के कब्जे से 01 मारूति स्विफ्ट डिजायर कार नं0 UP78FF5118 व 28.720 किलोग्राम गांजा नाजायज (कीमत लगभग 7,18,000/- रुपये) तथा 1050/- रुपये, 01 अदद मोबाइल, 02 अदद आधार कार्ड, 01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस, 01 अदद पैन कार्ड व 05 अदद एटीएम/डेबिट कार्ड को किया गया बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर, जोन कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 19.06.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 03 व्यक्ति स्विफ्ट डिजायर कार नं0 UP78FF5118 से जालौन की तरफ से गाँजा लेकर भोगनीपुर की तरफ आ रहे है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भोगनीपुर पुलिस व स्वॉट टीम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कानपुर-झाँसी हाइवे पर दौलतपुर मोड़ से पहले वाहन कार संख्या UP78FF5118 को रोककर कार की तलाशी लेते हुए कार में बैठे 03 व्यक्तियों से नाम व पता पूँछने पर उन्होंने अपना नाम 1.राजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र गिरिजाबक्श सिंह निवासी बाँसगाँव थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी उम्र 43 वर्ष 2. नवनीत सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी आराजी भूपत पट्टी चाँदमारी थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर उम्र 29 वर्ष 3. सुजीत कुमार पुत्र रामबली यादव निवासी तेजगढ़ थाना बरसठी जनपद जौनपुर उम्र 30 वर्ष बताया तथा तलाशी से अभियुक्तों के पास से 02 बण्डल में 28 किलो 160 ग्राम गाँजा व 01 बण्डल में 560 ग्राम गाँजा नाजायज (कुल कीमत **7,18,000/-**रूपये) तथा 1050/- रुपये, 01 अदद मोबाइल, 02 अदद आधार कार्ड, 01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस, 01 अदद पैन कार्ड व 05 अदद एटीएम/डेबिट कार्ड बरामद करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 206/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम अभियुक्तगण 1.राजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र गिरिजाबक्श सिंह निवासी बाँसगाँव थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी उम्र 43 वर्ष 2. नवनीत सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी आराजी भूपत पट्टी चाँदमारी थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर उम्र 29 वर्ष 3. सुजीत कुमार पुत्र रामबली यादव निवासी तेजगढ़ थाना बरसठी जनपद जौनपुर उम्र 30 वर्ष पंजीकृत किया गया। स्विफ्ट डिजायर कार नं0 UP78FF5118 को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता-**

1.राजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र गिरिजाबक्श सिंह निवासी बाँसगाँव थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी उम्र 43 वर्ष

2. नवनीत सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी आराजी भूपत पट्टी चाँदमारी थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर उम्र 29 वर्ष
3. सुजीत कुमार पुत्र रामबली यादव निवासी तेजगढ़ थाना बरसठी जनपद जौनपुर उम्र 30 वर्ष

**पूंछताछ विवरण**- अभियुक्तों ने पूँछने पर एक साथ बताया कि हम लोग अलग-अलग जनपदों से गांजा खरीद कर लाते है और रात्रि में जगह-जगह गांजा पीने वालों को बेच देते है। इससे जो पैसे मिलते हैं उन्हीं से हम लोग अपने घर का खर्चा चलाते है। आज भी हम लोग गांजा बेचने के लिये जा रहे थे तभी आप लोगों ने पकड़ लिया।

**अभियुक्त राजेन्द्र उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 223/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गुजैनी जनपद कानपुर नगर।

**बरामदगी का विवरण-**

1. स्विफ्ट डिजायर कार नं0 UP78FF5118 को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया
2. 28.720 किलोग्राम गांजा नाजायाज (कीमत लगभग 7,18,000/- रुपये)
3. 1050/- रुपये, 01 अदद मोबाइल, 02 अदद आधार कार्ड, 01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस, 01 अदद पैन कार्ड व 05 अदद एटीएम/डेबिट कार्ड बरामद हुए।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
2. उपनिरीक्षक श्री सूर्य प्रताप सिंह चौकी प्रभारी अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
3. प्रभारी सर्विलांस व प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद कानपुर देहात
4. कां0 455 राहुल कुमार थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
5. कां0 125 कुलदीप समाधिया थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
6. कां0 229 बबलू सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
7. कां0 856 बबलू सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात
8. कां0 470 भीमसेन थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात